# सरकार ने अब शुगर को किया डीकंट्रोल



**विस ॥ नई दिल्ली :** कुछ शर्तों के साथ चीनी को सरकारी नियंत्रण से मुक्त यानी डीकंट्रोल कर दिया गया है। अब कंपनियां मार्केट रेट पर चीनी बेच सकेंगी। उन्हें लेवी के तौर पर सरकार को सस्ते दामों पर चीनी नहीं बेचनी पड़ेगी। यह फैसला आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमिटी की बैठक में लिया गया। खाद्य मंत्री के.वी. थॉमस ने कहा कि इससे रिटेल में चीनी की कीमतें नहीं बढ़ेंगी।

⏭ पेज 9

# बंधन से आजाद हो गईं चीनी मिलें

**विस ॥ नई दिल्ली :** सरकार ने गुरुवार को चीनी मिलों को खुले बाजार में चीनी बेचने की पूरी आजादी दे दी और उन्हें राशन की दुकानों के लिए सब्सिडी प्राप्त दर पर चीनी आपूर्ति करने के बंधन से भी आजाद कर दिया।

शुगर सेक्टर को कुछ शर्तों के साथ नियंत्रण मुक्त करने का फैसला आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने लिया। हालांकि, सरकार ने कहा कि इस फैसले से चीनी की रिटेल कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी।



**कुछ शर्तों के साथ शुगर सेक्टर सरकार ने किया डीकंट्रोल**

सरकार खुले मार्केट से चीनी खरीदकर राशन की दुकानों के जरिये सब्सिडी वाली चीनी मुहैया कराती रहेगी। सरकार की इस पहल के कारण चीनी उद्योग को हर साल करीब 3,000 करोड़ रुपये की बचत करने में मदद मिलेगी। हालांकि, इस कदम से सरकार पर चीनी सब्सिडी का बोझ दोगुना होकर सालाना 5,300 करोड़ रुपये हो जाएगा। अभी वह राशन की चीनी पर सालाना 2,600 करोड़ रुपये की सब्सिडी देती है।

नवभारत टाइम्स

5/4/13